52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.0 °c | अधिकतम 22.2 °c

**अमृतवाणी**

समय न लगाओ तय करने में कि आपको क्या करना है, वरना समय तय कर लेगा कि आपका क्या करना है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:10 सूर्यास्त-5:26 | वर्ष : 52/ अंक : 354 | सोमवार, 23 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव या अन्य राजनेता मैं उनसे यही कहूंगा कि वे संघ की शाखा में जाना शुरू कर दें : केशव प्रसाद मौर्य



जिन्हें उनकी बातें अच्छी लगीं..... वे सब जाना शुरू कर सकते हैं......

# बेवफाई का ऐसा इंतकाम : मेरा नहीं तो किसी का नहीं

## ▶ कैफे के बाद अब गेस्ट हाउस भी चर्चाओं में ▶ कमरे में बुलाकर प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर पेपर कटर से वार

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** इश्क में बेवफाई करने का एक युवती ने अपने ही प्रेमी को ऐसा सबक दिया कि वह शायद जीवनभर याद रखेगा। दरअसल चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी निवासी युवक बबलू ठाकुर का अपने ही क्षेत्र की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, मगर दोनों के परिजन इस बात से खुश नहीं थे। एक माह पहले प्रेमी के परिजनों ने बबलू ठाकुर का रिश्ता मेरठ जनपद के एक कस्बे में कर दिया। प्रेमिका को इस बात का पता चला तो दोनों के बीच मनमुटाव हो गया। इसके बाद प्रेमिका ने आखिरी बार एक दूसरे से मुलाकात करने की बात रखी तो इस पर प्रेमी तैयार हो गया और कमल प्लाजा के पास स्थित रॉयल गेस्ट हाउस में कमरा बुक कर लिया गया और रविवार को दोनों वहां पहुंच गए, जिसके बाद कमरे के अंदर जो हुआ वह भयावह था। शाम लगभग 4 बजे के आसपास लहूलुहान हालत में प्राइवेट पार्ट पर हाथ रखे प्रेमी कमल प्लाजा से बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया। उसे देखकर लोग हैरत में रह गए, जहां पहले से ही खड़ी वैगनआर में उक्त युवक झटपट बैठा, तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इसी बीच पता चला कि प्रेमी के साथ-साथ प्रेमिका भी घायल है। पुलिस वहां से दोनों को गाड़ी में बैठाकर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले आई। इस बीच प्रेमी की वैगनआर संख्या यूपी 15 डीएम 2695 कमल प्लाजा के बाहर ही खड़ी रही। जैसे ही आला अधिकारियों को इसकी सूचना मिली तो घटनाक्रम सुनते ही







हड़कम्प मच गया। स्वयं आला अधिकारी जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां एएसपी व्योम बिंदल ने बताया कि युवक एवं युवती का पहले से ही प्रेम सम्बंध था और दोनों के बीच मनमुटाव के चलते प्रेमिका ने पूरी घटना को अंजाम दिया। प्रेमिका को हिरासत में ले लिया गया है और प्रेमी युवक बबलू ठाकुर को प्राथमिक उपचार देने के बाद मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है।

### क्या अनैतिक कार्यों का हब बन चुके हैं मुजफ्फरनगर के कैफे व होटल ?

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** यूं तो पूरे देश में प्रेमी और प्रेमिकाओं को अपनी आईडी देकर कहीं भी रूम लेने की इजाजत आसानी से मिल जाती है। मगर मुजफ्फरनगर इसके लिए शायद हब बन चुका है। आए दिन कभी कैफे तो कभी होटलों में अनैतिक कार्यों की सूचना के साथ-साथ प्रत्यक्ष प्रमाण भी मिलने लगे हैं। रविवार की घटना से एक दिन पहले ही गांधी कॉलोनी से सटे लिंक रोड पर आपत्तिजनक सामग्री के साथ एक कैफे बुद्धा कैफे सेंटर को सील कर दिया गया था वहीं अब रॉयल गेस्ट हाउस की भी कुंडली पुलिस खंगालना शुरू कर देगी। हालांकि यह बताने की जरूरत नहीं है कि इस गेस्ट हाउस में पहले भी छापामारी को अंजाम दिया जा चुका है मगर वही ढाक के तीन पात ही रहते हैं। जब तक कोई बड़ी घटना न हो तब तक खामोशी से पुलिस इसी तरह तमाशा देखती रहती है। जब कोई बड़ी घटना हो जाती है तो सारे आरोप कैफे व गेस्ट हाउस व होटलों पर लग जाते हैं। फिलहाल आए दिन हो रही ऐसी घटनाओं से ऐसा ही प्रतीत हो रहा है कि मुजफ्फरनगर अय्यासी के अड्डों का हब बन चुका है और पुलिस मूकदर्शक बनकर किसी कारण से सारा तमाशा आराम से देख रही है। बस घटना होने के बाद पुलिस अपनी सजगता दिखाती है।



घटना के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते एएसपी व्योम बिंदल

### खून से सनी थी गेस्ट हाउस की दीवार

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर वार की खबर पता चलने के बाद जांच के लिए रॉयल गेस्ट हाउस पहुंची पुलिस टीम ने जब जांच की तो कमरे की दीवारों पर खून की छींटे साफ दिखाई दे रही थी। इसके बाद बाहर खड़ी वैगनआर में भी खून के धब्बे साफ दिखे। वैगनआर की पिछली सीट पर खून भारी मात्रा में साफ तौर पर देखा गया।

### प्रेमी पर हमले के बाद प्रेमिका ने खुद की भी अंगुली ली काट

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रॉयल गेस्ट हाउस में घटना को अंजाम देने के बाद प्रेमिका ने खुद को भी उसी पेपर कटर से मारने की कोशिश की, जिस पेपर कटर से उसने प्रेमी के प्राइवेट पार्ट पर वार किया था। मगर जब प्रेमिका अपने आपको पेपर कटर मारने लगी तो प्रेमी ने उसे रोक लिया और खींचातानी में पेपर कटर उसकी अंगुली पर जा लगा, जिससे उसकी अंगुली कट गयी। जिसे बाद में जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया और उपचार के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।




रेलवे स्टेशन के सामने रॉयल गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी प्रेमी की कार

# मेहंदी लगाकर बारात का इंतजार कर रही थी दुल्हन

## बारात लाने से पूर्व दूल्हे ने मांगा ट्रैक्टर, रुटरी, बुलेट व नगदी

**बुढ़ाना/रतनपुरी, 22 दिसम्बर (बु.)।** हाथों में मेहंदी लगाकर बारात आने की इंतजार में बैठी दुल्हन को उस समय जोर का झटका लगा, जब दूल्हे ने शादी से एक दिन पहले ही दहेज में ट्रैक्टर, रुटरी, बुलेट, नकदी की डिमांड कर दी। ये सब चीजें न मिलने पर बारात लाने से इंकार कर दिया। रविवार की दोपहर बारात आनी थी, लेकिन फोन पर मान मनौव्वल करने के बाद दूल्हा बारात लेकर नहीं आया। दुल्हन के परिजनों ने 20 लाख रुपये का नुकसान बताकर रतनपुरी पुलिस को मामले की तहरीर दी है। बुढ़ाना सर्किल के रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव टोडा निवासी शकील की पुत्री रहनुमा का रिश्ता बीते 9 दिसम्बर को बुढ़ाना सर्किल के थाना शाहपुर क्षेत्र के गांव हरसौली निवासी जुनैद पुत्र वाजिद से हुआ था। 22 दिसम्बर दिन रविवार को दोपहर में बारात आनी तय हुई थी। रहनुमा के परिजन शादी की तैयरियों में लग गये थे। उधर रहनुमा भी दुल्हन बनने का सपना संजोए हुए थी। दो हजार के करीब लोगों व रिश्तेदारों की दावत रख दी गयी थी। दहेज का सभी सामान आ गया था। शादी के कार्ड भी बंट चुके थे। आज 22 दिसम्बर को बारात आने वाली थी, लेकिन दुल्हन की खुशी उस समय काफूर हो गयी, जब उसके पिता से दहेजलोभी ससुरालियों ने शादी की तैयारियों के बीच बीती शनिवार को दहेज में ट्रैक्टर, रुटरी, बुलेट और बाइक की डिमांड कर डाली और कहा कि जब ये चारों सामान दहेज में मिलेंगे तब बारात आएगी। ये सुनकर दुल्हन के परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की



तैयारियां धरी की धरी रह गयी। पीड़ित ने थाना रतनपुरी में दहेजलोभी वाजिद, पुत्र मासूम अली, जुनैद पुत्र वाजिद, नुसरत पत्नी वाजिद, नावेद व साइम पुत्र वाजिद निवासीगण गांव हरसौली थाना शाहपुर के विरुद्ध तहरीर दी है।

### डीएवी कॉलेज के गेट पर एलएलबी के छात्र पर हमला कर सिर फोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** आए दिन डीएवी कॉलेज के बाहर छात्रों के गुटों में मारपीट की घटनाएं आम हो चली हैं और उपद्रवी युवक किसी भी तरह से कंट्रोल नहीं हो रहे। ऐसी ही एक घटना कॉलेज के गेट के बाहर फिर घटित हुई जब साइकिल स्टैंड पर स्टैंड संचालक से कुछ युवकों से हुई कहासुनी पर कई युवकों ने एलएलबी के छात्र पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। दरअसल खतौली थाना क्षेत्र के गांव बुआड़ा कला का निवासी राहुल डीएवी कॉलेज में एलएलबी का छात्र है। शनिवार को कॉलेज आया और स्टैंड पर बाइक खड़ी करने को लेकर उसका स्टैंड संचालक से विवाद हो गया। बाइक स्टैंड पर खड़ी करने के बाद जब राहुल अपने दोस्त मोहित निवासी तालड़ा के साथ कॉलेज के गेट पर खड़ा था तभी स्टैंड का संचालक अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और छात्र राहुल पर बैल्टों व पंच से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। राहुल पर के दौरान उसके दोस्त मोहित ने जब बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान उससे जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग कर उसे अपमानित किया। घायल छात्र का पुलिस द्वारा मेडिकल कराकर स्टैंड संचालक व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जिले के 22 केंद्रों पर निर्विघ्न संपन्न हुई पीसीएस-प्री परीक्षा

▶ प्रथम पाली में 6541 व दूसरी पाली में 6585 ने छोड़ी परीक्षा
▶ सुबह कड़ी तलाशी के बाद दिया गया परीक्षा केंद्रों में प्रवेश
▶ तीसरी आंख की निगरानी में 4 जोन, 22 सैक्टर में बंटा जिला


**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा रविवार 22 दिसंबर को दो शिफ्टों में निर्विघ्न संपन्न हुई। कड़ी सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई उक्त परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के गैरहाजिर रहने से सर्दी के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने को भी एक बड़ा कारण बताया गया। इस बीच परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हर परीक्षार्थी की सघन तलाशी लेने व आयोग के जारी निर्देशों के पालन के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिलाया गया। इस वर्ष यूपी पुलिस पेपर लीक मामले और आरओ-एआरओ परीक्षा में हुई गड़बड़ियों के बाद आयोग किसी तरह का रिस्क लेने के लिए तैयार नहीं था। ऐसे में यूपी पीएससी- पीसीएस परीक्षा केंद्र पर सख्ती के साथ अधिकारी अलर्ट मोड पर दिखाई दिए। जिले में निर्विघ्न परीक्षा संपन्न होने पर जिला पुलिस व प्रशासन ने राहत की सांस ली।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व तीसरी आंख की निगरानी में रविवार को उत्तर प्रदेश प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों, जिनमें 17 परीक्षा केंद्र नगर क्षेत्र व 5 ग्रामीण क्षेत्रों में संपन्न हुई। सुरक्षा कारणों से जनपद को चार जोन और 22 सैक्टरों में बांटने के साथ सुरक्षा के सभी प्रबंधों के बीच परीक्षा को निर्विघ्न व नकलविहीन संपन्न कराने में प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिले में हुई उक्त परीक्षा में मेरठ, सहारनपुर समेत आगरा जिले के परीक्षार्थी केंद्रों पर परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्राइवेट व निजी वाहनों से भी यहां पहुंचे। रविवार को जनपद के 22 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई परीक्षा में बीच प्रथम पाली में पंजीकृत 10,080 में से 3,539 परीक्षार्थी उपस्थित और 6,541 अनुपस्थित रहे, वहीं दूसरी पाली में कुल पंजीकृत 10,080 परीथार्थियों में से मात्र 3,495 परीक्षार्थी उपस्थित और 6,585 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पीसीएस परीक्षा की पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से शुरू होकर 11.30 बजे समाप्त हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक आयोजित की गई। इस बीच सुबह परीक्षा से पहले सभी परीक्षा केंद्रों पर आए अभ्यर्थियों की प्रवेश द्वार ही गहन तलाशी ली गई। इस बीच जहां एक ओर सुरक्षा कारणों से लड़कियों के कानों से कुंडल और उनके हाथों से अंगूठियां भी उतरवाई गईं। वहीं हाथों का कलावा भी काटा गया। वहीं गेट पर ही अभ्यर्थियों के जूते, जैकेट और टोपी उतरवा




कर सघनता से चेक किया गया। इस दौरान परीक्षा के लिए पुलिस के साथ एसटीएफ भी अलर्ट मोड पर परीक्षा केंद्रों के बाहर चहल कदमी करते हुए दिखाई दिए। 200 अंकों के उक्त प्रश्न पत्र को हल करने के लिए अभ्यर्थियों को दो घंटे का समय दिया गया। इस बार परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को शामिल होने से रोकने के लिए सख्त इंतजाम किए गए। ऐसे में जहां परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की रेटिना व बायोमेट्रिक चेकिंग की व्यवस्था की गई, जिससे सिर्फ रजिस्टर्ड कैंडिडेट्स को ही एंट्री मिल सकी।

**शोक समाचार**



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

**स्व. श्री जुगमन्दर दास**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री जुगमन्दर दास जी का निधन दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को हो गया है। ईश्वर की ऐसी ही इच्छा थी। रस्म तेरहवीं निम्नानुसार होनी निश्चित हुई है:-

**दिनांक: 23 दिसम्बर 2024, दिन- सोमवार**
**प्रसाद - 12.00 बजे दोपहर, रस्म पगड़ी- 02.00 बजे दोपहर**
**स्थान : सेलिब्रेशन इन बैंकट हॉल, रुड़की-दिल्ली रोड, रुड़की**

प्रतिष्ठान :-
- मै. केदार नाथ बिशन लाल (नवी मन्डी, मंगलौर)
- श्री सिद्धबली इन्डस्ट्रीज (कोटद्वार, मुजफ्फरनगर)
- मै. एक्सा पेरेन्टल लिमिटेड पुन्हाना (रुड़की)
- श्री वेंकेटेश गोल्डन पेपर मिल्स लि० (मेरठ)
- श्री गोल्डन येलो पेपर मिल्स लि० (मोरबी, राजकोट गुजरात)

शोकाकुल परिवार :-
नीरज अग्रवाल (पुत्र)
सुरेश चन्द (भाई)
अशोक कुमार, दिनेश कुमार (भाई)
प्रदीप कुमार, विवेक कुमार (भतीजे)
मोहित कुमार, आदेश कुमार (भतीजे)
सुमित कुमार, चिराग अग्रवाल (भतीजे)

नोट- कृपया पगड़ी लाने का कष्ट ना करें।

### यशवीर महाराज के आने से पहले लद्दावाला में किया फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर, 22 दिसम्बर (बु.)।** लद्दावाला में मिले 54 साल पुराने शिव मंदिर का शुद्धिकरण करने के लिए आज बघरा के यशवीर महाराज लद्दावाला पहुंचेंगे। प्रशासन द्वारा उन्हें 22 तारीख को पीसीएस परीक्षा होने के कारण अनुरोध किया गया था कि वे 22 की जगह किसी और दिन वहां जाने का प्रोग्राम रख लें। इसके बाद यशवीर महाराज द्वारा 23 दिसम्बर की तिथि तय की गई थी। ऐसे में आज सवेरे सुबह साढ़े नौ बजे यशवीर महाराज लद्दावाला पहुंच जायेंगे। उनके साथ पुलिस अमला भी तैनात रहेगा।



इसी क्रम में रविवार की शाम पुलिस ने लद्दावाला में फ्लैग मार्च किया और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर में प्रोग्राम को लेकर सहमति बनाई। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बल भी शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की और किसी भी अफवाह से बचने की चेतावनी भी दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने लद्दावाला में मंदिर क्षेत्र के आसपास के लोगों को अनुरोध किया कि वे कल यशवीर महाराज द्वारा किये जा रहे यज्ञ कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करें। किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जाये। यशवीर महाराज यहां सामान्य तरीके से यज्ञ करके वापस लौट जायेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

**नयी दिल्ली/ कुवैत सिटी, 22 दिसम्बर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को यहां कुवैत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुवैत के शाहज़ादा एवं प्रधानमंत्री शेख अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा भी उपस्थित थे। श्री मोदी ने यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती, कुवैत में भारतीय समुदाय और भारत के 1.4 अरब लोगों को समर्पित किया। करीब 43 वर्षों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की कुवैत की इस ऐतिहासिक यात्रा पर यह सम्मान प्रदान किए जाने से इस अवसर का विशेष अर्थ जुड़ गया है। यह सम्मान 1974 में शुरू किया गया था और तब से इसे इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे चुनिंदा वैश्विक नेताओं को प्रदान किया गया है।



**SHANTI MADAN HOSPITAL**
Always caring, Always here.

**किडनी** से संबंधित हर समस्या का समाधान।

डॉ. भानु मिश्रा एक अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट, जो किडनी से जुड़ी सभी समस्याओं का इलाज करते हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में अब आपको मिलेगा विशेषज्ञ इलाज।



Dr. Bhanu Mishra
M.D. (General Medicine)
DrNB (Nephrology)
Kidney Transplant Expert
consultant at
BLK MAX Hospital, Delhi.

नेफ्रोलॉजी ओ. पी. डी.
प्रत्येक महीने के हर मंगलवार
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक



आपकी किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए डॉ. भानु मिश्रा आपके साथ हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में किडनी का सबसे भरोसेमंद इलाज।

मुख्य सेवाएँ:
- किडनी बायोप्सी (kidney biopsy)
- ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस (Glomerulonephritis)
- डायलिसिस (Dialysis)
- किडनी की विफलता (Kidney Failure)
- उच्च रक्तचाप (High BP) से जुड़ी किडनी समस्याएँ
- डायबिटीक किडनी रोग (Diabetic Kidney Issue)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
For Appointments: 9760 25 4747
www.shantimadanhospital.com
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.

